हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 5, अंकः 269, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 5 मार्च, 2021 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए बुजुर्गो को मिले प्राथमिकता

### कोरोना से प्रभावित होने की अधिक आशंका को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निर्देश दिया गया कि कोरोना वायरस के मद्देनजर सभी प्राइवेट अस्पताल वरिष्ठ नागरिकों को दाखिल करने को प्राथमिकता दें। वरिष्ठ नागरिकों के कोरोना से प्रभावित होने की अधिक आशंका को देखते हुए यह निर्देश दिया गया है। इससे पहले 4 अगस्त 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अस्पतालों को यह निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई जस्टिस अशोक भूषण और आर एस रेड्डी ने अपने 4 अगस्त 2020 के आदेश में संशोधन किया। मामले पर सीनियर एडवोकेट अश्विनी कुमार ने याचिका दायर की। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन को लेकर कोर्ट में अपनी याचिका दी थी जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने आज यह निर्देश जारी किया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि वृद्धावस्था पेंशन के पात्र सभी बुजुर्ग लोगों को समय पर पेंशन दी जानी चाहिए और कोविड-19 महामारी के दौरान राज्यों को उन्हें आवश्यक दवायें, सैनिटाइजर, मास्क और अन्य आवश्यक वस्तुयें प्रदान करनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बुजुर्ग लोगों के कोरोना वायरस संक्रमण से ग्रस्त होने की ज्यादा संभावना को देखते हुए सरकारी अस्पतालों में इन्हें प्राथमिकता के आधार पर भर्ती करना चाहिए। अस्पताल के प्रशासन इनकी परेशानियों के निदान के लिये तत्काल कदम उठाएं।

## दुनिया में सबसे अधिक चुनौतियों का समाना कर रही भारतीय सेना, रक्षा क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता : रावत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ आफ डिफेंस स्टॉफ जनरल बिपिन रावत ने गुरुवार को कहा कि भारतीय सेना दुनिया की किसी भी अन्य सेना की तुलना में अधिक चुनौतियों का सामना कर रही है। इसलिए रक्षा क्षेत्र में संरचनात्मक सुधार की आवश्यकता है और युद्ध के स्पेक्ट्रम को पूरा करने के लिए अन्य देश क्या परिवर्तन लेकर आए हैं, उसका अध्ययन करने की जरूरत है। उन्होंने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि 20वीं शताब्दी में सूचना समावेश और तकनीकी विकास के कारण युद्ध के चरित्र और प्रकृति में गहरा परिवर्तन देखा गया है। सीडीएस रावत ने आगे कहा कि कि नए उपकरण और रणनीति को लोगों से तेजी से जोड़ने के लिए नियोजित किया जा सकता है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भारत एक जटिल सुरक्षा और चुनौतीपूर्ण वातावरण का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, उच्च रक्षा रणनीतिक मार्गदर्शन, उच्च रक्षा और संचालन संगठनों में संरचनात्मक सुधारों को परिभाषित करना कुछ ऐसे महत्वपूर्ण कदम हैं, जो हमें उठाने की आवश्यक्ता है। ऑसीडीएस रावत ने यह भी कहा कि सेना में अलग-अलग स्तरों पर बदलाव लाने की जरूरत है। इसमें राजनीतिक-सैन्य, रणनीतिक संचालन और सामरिक स्तर शामिल हैं। परिवर्तन के मुख्य आधार पद संरचना, प्रौद्योगिकी, जीविका और तत्परता हैं। उन्होंने आगे कहा कि परमाणु युद्ध के तहत पारंपरिक युद्धों या सीमित युद्धों के लिए संगठनात्मक संरचान पहले से मौजूद है, लेकिन उन्हेंने री-मॉडल, री-इक्विप्ड और री- ओरिएंटेड करने की आवश्यक्ता है, तकि आवश्यक लचीलेपन के साथ डिजीटल युद्ध क्षेत्र में संयुक्त लड़ाई लड़ी जा सके।

## झारखंड: पश्चिम सिंहभूम में आईईडी बम धमाका, तीन जवान शहीद, तीन घायल

पश्चिमी सिंहभूम (एजेंसी)। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम के होयातू गांव के वन क्षेत्र में गुरुवार को आईईडी बम धमाका हो गया है। इसमें तीन जवान शहीद जबकि तीन घायल हो गए हैं। यह धमाका आज सुबह आठ बजकर 45 मिनट पर हुआ। शहीद जवान झारखंड जगुआर ऑफ स्टेट पुलिस के थे। धमाके में झारखंड जगुआर ऑफ स्टेट पुलिस के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

इसके अलावा सीआरपीएफ की 197 बटालियन का भी एक जवान घायल हो गया है। यह जानकारी सीआरपीएफ ने दी है।



वहीं झारखंड पुलिस का कहना है कि आईईडी को नक्सलियों ने प्लांट किया था। धमाके के बाद क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी है। मामले से संबंधित ज्यादा जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

## रिसेप्शन से लौट रही वाराणसी की दो बहनों को गोली मारी

**आरा (एजेंसी)।** आरा में नशे में धुत अपराधियों ने शादी के रिसेप्शन से लौट रही दो मौसेरी बहनों को गोली मार दी। दोनों जख्मी बहनों को आरा सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना आरा टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज धरारा चौकी के पास बुधवार की रात की है। दोनों बहनें वाराणसी की बताई जा रहीं हैं।

## दोबारा खुला ताजमहल, बम की झूठी सूचना देने वाला युवक गिरफ्तार

**आगरा (एजेंसी)।** ताजमहल में बम की सूचना से गुरुवार सुबह पुलिस प्रशासन हड़कंप मच गया। सुबह 7.30 बजे ताजमहल में बम की सूचना मिलने पर बीडीएस की टीम ने परिसर में सर्च अभियान शुरू कर दिया। सुबह लगभग 9.30 बजे तक सीआईएसएफ ने ताजमहल परिसर को सैलानियों से खाली करा लिया। बताया जा रहा है कि लगभग एक हजार सैलानियों को ताजमहल परिसर से बाहर निकाला गया। सर्च अभियान पूरा होने के बाद दोपहर करीब साढ़े 12 ताजमहल का गेट पर्यटकों के लिए दोबारा खोल दिया गया। वहीं, 112 नंबर पर बम की झूठी सूचना देने वाले युवक को फिरोजाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी युवक से पूछताछ जारी है। दरआसल, सुबह लगभग साढ़े सात बजे 112 नंबर पर किसी व्यक्ति ने ताजमहल में बम होने की सूचना दी। इस पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के होश उड़ गए। सीआईएसएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से बीडीएस की मदद से सैलानियों को सूचना दिए बिना ही परिसर में जांच करनी शुरू कर दी।

## किसान समर्थकों के खिलाफ छापेमारी करवा रही है केंद्र सरकार : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अनुराग कश्यप समेत कुछ फिल्म निमार्ताओं और अभिनेत्री तापसी पन्नू के घरों एवं कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी की पृष्ठभूमि में बृहस्पतिवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे की तर्ज पर सरकार किसान समर्थकों के खिलाफ छापेमारी करवा रही है। उन्होंने ट्वीट किया, कुछ मुहावरेः उंगलियों पर नचाना- केंद्र सरकार आयकर विभाग, ईडी, सीबीआई के साथ ये करती है। भीगी बिल्ली बनना- केंद्र सरकार के सामने मित्र मीडिया। खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे- जैसे केंद्र सरकार किसान-समर्थकों पर रेड कराती है।



गौरतलब है कि आयकर विभाग ने बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्मकार अनुराग कश्यप व उनके साझेदारों के घरों और कार्यालयों पर बुधवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी फैंटम फिल्म्स के खिलाफ कर चोरी की जांच का एक हिस्सा है। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी मुंबई और पुणे में 30 स्थानों पर की गई जिसमें रिलायंस एंटरटेनमेंट ग्रुप के सीईओ शुभाशीष सरकार तथा सेलिब्रिटी और प्रतिभा प्रबंधन कंपनी केडब्ल्यूएएन के कुछ अधिकारी भी शामिल हैं।

## विधानसभा गेट के पास फायरिंग से अफरा तफरी, सीने में गोली लगने से दरोगा की मौत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के गेट नंबर 7 के पास अचानक गोली चलने से हड़कंप मच गया। गोली वहां तैनात दरोगा निर्मल चौबे को लगी है। वे विधानसभा ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।



गोली चलने के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात हो गया है। घटना के बाद तत्काल चेकिंग भी शुरू करा दी गई। हालांकि अभी तक यह जानकारी नहीं मिली है कि गोली किसने चलाई और इसके पीछे मकसद क्या था। दरोगा बंथरा थाने में तैनात थे और गुरुवार को सचिवालय के पास ड्यूटी लगी थी। दारोगा को गोली लगने की सूचना से अफरातफरी मच गई। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि दारोगा को गोली कैसे लगी, इसकी छानबीन की जा रही है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दारोगा ने खुद को गोली मारी है या गलती से फायरिंग होने से वह घायल हो गए हैं। दारोगा निर्मल चौबे मूलरूप से वाराणसी के रहने वाले थे। वे यहां चिनहट में रहते थे। सूत्रों के अनुसार वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे। गोली उनकी सर्विस पिस्टल से चली है। गोली चलने की सूचना पर जेसीपी कानून व्यवस्था नवीन अरोरा सिविल अस्पताल पहुँचे। गोली दारोगा के सीने में लगी थी।

## बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर 25 हजार का इनाम घोषित, लखनऊ गैंगवार में हैं वांटेड

लखनऊ। यूपी के बाहुबली और जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर लखनऊ पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनाम का ऐलान कर दिया है। धनंजय अजीत सिंह हत्याकांड में वांटेड हैं। वह लगातार फरार चल रहे हैं। बुधवार रात पुलिस ने धनंजय सिंह के चार ठिकानों पर छापा मारा लेकिन उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पूर्व सांसद छह जनवरी की रात में कठौता चौराहे पर हुए गैंगवार में मऊ मुहम्मदाबाद गोहाना के पूर्व उप ज्येष्ठ प्रमुख अजीत सिंह की हत्या में वांक्षित हैं। पुलिस के पास उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट है। यह वारंट जारी होने के बाद से ही वह फरार चल रहे हैं।

धनंजय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट लेने के बाद पुलिस कई दिन से शांत बैठी हुई थी। पर, बुधवार रात को अचानक धनंजय की तलाश में उसके कुर्सी रोड स्थित आवास, शारदा व सरस्वती अपार्टमेंट में उसके फ्लैट और उसके बेहद करीबी साथी के मालवीय नगर स्थित आवास पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई। पुलिस ने एक बर्खास्त सिपाही के घर भी दबिश दी लेकिन धनंजय का पता



नहीं चला। इस दौरान दो ठिकानों से तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। इन तीनों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस को अजीत सिंह हत्याकांड में अन्य तीन शूटरों रवि यादव, राजेश तोमर, शिवेंद्र सिंह उर्फ अंकुर की भी तलाश है। वहीं खबर है कि एक शूटर मुस्तफा उर्फ बंटी को बागपत पुलिस ने कुछ दिन पहले उत्तराखंड से पकड़ लिया था। पर, उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि बागपत पुलिस ने अभी तक नहीं की है।

**दिल्ली में भी की पूर्व सांसद की तलाश**– इस बीच पुलिस को खबर मिली कि धनंजय सिंह दिल्ली के एक वकील के संपर्क में है। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम ने दिल्ली में भी दो स्थानों पर दबिश दी लेकिन पूर्व सांसद हाथ नहीं लगे।

## प. बंगाल में टिकट बंटवारे पर जेपी नड्डा के घर भाजपा की बैठक, शाह भी मौजूद

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने कमर कस ली है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हो रही है। राज्य के वरिष्ठ



नेता,पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी प्रभारी और सह-प्रभारी बैठक में शामिल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी नड्डा के आवास पर पर पहुंचे हैं। समाचार एजेंसी आइएएनएस के अनुसार भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय,राष्ट्रीय महासचिव और राज्य प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय,सह-प्रभारी अरविंद मेनन,राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप घोष और और पूर्व मंत्री सुवेंदु अधकारी उपस्थित हैं। इस बैठक में बंगाल चुनाव के पहले और दूसरे चरण के उम्मीदवारों पर मुहर लग सकती है। वहीं आज शाम को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी। इसमें पीएम मोदी भी शामिल होंगे। बैठक में पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लग सकती है।

पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष दिलीप घोष के अनुसार पार्टी राज्य इकाई ने बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए शुरूआती दो चरणों में हर सीट पर औसतन चार से पांच नामों को छांटा है। इनमें से अंतिम नाम पर फैसला आज होगा। 60 सीटों पर उम्मीदवाों के नाम तय किए जाएंगे। बंगाल में पहले चरण का चुनाव 27 मार्च को होना है। वहीं एक अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होना है। दोनों चरणों में 30-30 सीटों पर चुनाव होने हैं।

## अयोध्या : अब 70 नहीं 107 एकड़ का होगा राम मंदिर परिसर, ट्रस्ट ने खरीदी और जमीन

**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर परिसर का विस्तार 70 एकड़ से बढ़ाकर 107 एकड़ करने की योजना के तहत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने राम जन्मभूमि परिसर के पास 7,285 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। ट्रस्ट के एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कर रहे ट्रस्ट ने 7,285 वर्ग फुट जमीन की खरीद के लिए 1,373 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से एक करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने बताया कि हमने यह जमीन खरीदी है क्योंकि राम मंदिर के निर्माण के लिए हमें और जगह चाहिए थी। ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई यह जमीन अशरफी भवन के पास स्थित है। वहीं, फैजाबाद के उप-पंजीयक एसबी सिंह ने बताया कि जमीन के मालिक दीप नरैन ने ट्रस्ट के



सचिव चंपत राय के पक्ष में 7,285 वर्ग फुट भूमि की रजिस्ट्री के दस्तावेजों पर 20 फरवरी को हस्ताक्षर किए। मिश्रा और अपना दल के विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ने गवाह के तौर पर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। फैजाबाद के उप-पंजीयक एसबी सिंह के कार्यालय में ही यह रजिस्ट्री की गई।

विधायक इंद्र प्रताप ने कहा, 'राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा पहली बार जमीन खरीदने की प्रक्रिया का हिस्सा बन भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं।' सूत्रों के अनुसार, ट्रस्ट की योजना अभी और जमीन खरीदने की है। राम मंदिर परिसर के पास स्थित मंदिरों, मकानों और खाली मैदानों के मालिकों से इस संबंध में बातचीत जारी है।

सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट विस्तारित भव्य मंदिर परिसर का निर्माण 107 एकड़ में करना चाहता है और इसके लिए उसे अभी 14,30,195 वर्ग फुट जमीन और खरीदनी होगी। गौरतलब है कि मुख्य मंदिर का निर्माण पांच एकड़ जमीन पर किया जाएगा और बाकी जमीन पर संग्रहालय और पुस्तकालय आदि जैसे केन्द्र बनाए जाएंगे।

## नवादा में ग्रामीण बैंक से दिनदहाड़े 12 लाख की लूट

नवादा। बिहार के नवादा जिले से इस वक्त एक बड़ी खबर आ रही है, जहां अपराधियों ने दिनदहाड़े बैंक लूट की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार नादिरगंज के दक्षिण बिहार बैंक में



लूट हुई है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसपी ने जानकारी देते हुए कहा है कि बैंक से बारह लाख रुपये लूटे गए हैं। बताया जा रहा है कि दो बाइक पर सवार छह बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक लूट की रकम को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक पर सवार होकर बदमाश हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

बता दें कि बुधवार को मोतिहारी में मधुबन-तेतरिया रोड स्थित सरैया पुल के पास भारत फाइनेंस इन्क्लूजन लिमिटेड की शाखा से अपराधियों ने हथियार के बल पर 10 लाख 95 हजार 975 रुपये लूट लिये। शाखा प्रबंधक कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया है कि वे शाखा में अकेले बैठे थे। इसी दौरान मास्क लगाये व ठंड के मौसम का ड्रेस पहने चार अपराधी उनके कक्ष में प्रवेश कर गये व हथियार के बल पर इन्हें कब्जे में लेकर दराज में रखी चाबी से कैश बॉक्स खोलवाकर 10 लाख 95 हजार 975 रुपये लूट लिये। बदमाशों की उम्र 25-30 वर्ष के आसपास रही होगी।

## संपादकीय

### बेलगाम अपराध

एक ओर राज्य की सरकार अक्सर यह दावा करे कि उसके शासन में सभी सुरक्षित हैं, कानून-व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त है और दूसरी ओर हर कुछ रोज बाद कोई बड़ी आपराधिक घटना सुर्खियों में हो, तो उसे कैसे देखा जाएगा! उत्तर प्रदेश की स्थिति आजकल यही हो गई लगती है, जहां आए दिन होने वाले अपराध की घटनाओं ने समूचे राज्य में कानून-व्यवस्था पर गहरा सवालिया निशान लगा दिया है। खासतौर पर महिलाओं और कमजोर तबकों के खिलाफ जैसी आपराधिक घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे यह सवाल उठता है कि क्या इस तरह की अराजकता फैला कर कुछ लोग एक भय का माहौल बनाना चाहते हैं और क्या सरकार और पुलिस ने ऐसे तत्त्वों के सामने खुद को लाचार मान लिया है! वरना क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार महिलाओं से छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक के मामले राज्य की खबरों की कमोबेश दिनचर्या में शामिल हो गए लगते हैं। ऐसा लग रहा है कि अपराधियों पर लगाम लगाने में सरकार और उसके संबंधित महकमे पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। गौरतलब है कि राज्य के हाथरस जिले में एक युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसके पिता की कुछ युवकों ने गोली मार कर हत्या कर दी। दरअसल, करीब ढाई साल पहले कुछ युवकों ने युवती से छेड़छाड़ की थी तो पीड़िता के पिता ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में एक अभियुक्त को पंद्रह दिन की जेल भी हुई थी। इसके बाद उस मुकदमे को वापस लेने को लेकर आरोपी और उसका साथ देने वालों की ओर से पीड़िता और उसके पिता को लगातार धमकियां मिलने लगीं। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। लेकिन जैसा कि आमतौर पर देखा जाता है, पुलिस तब तक हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है, जब तक कि कोई बड़ी वारदात न हो जाए। सोमवार को जब पीड़िता के पिता अपने खेत में आलू की खुदाई करा रहे थे तब मुख्य आरोपी अपने कुछ साथियों के साथ वहां कार में आया और गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इसमें पीड़िता के पिता की जान चली गई। एकबारगी यह घटना किसी ऐसे इलाके में हुई लगती है, जहां सरकार, प्रशासन और पुलिस की उपस्थिति नहीं हो। सवाल है कि अगर खतरनाक धमकी देने की शिकायत पर समय रहते पुलिस ने जरूरी कार्रवाई की होती तो क्या हत्या की इस घटना को रोका नहीं जा सकता था? विडंबना यह है कि राज्य की सरकार अक्सर यह कहती दिख जाती है कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चौकस है और इस दावे के बरक्स सरेआम हत्या और महिलाओं से छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं, आए दिन बलात्कार की बर्बरता सुर्खियों में आ रही हैं। आखिर उत्तर प्रदेश में किस तरह के रामराज्य लाने की प्रतिबद्धता का दावा किया जा रहा है! हालत यह है कि पिछले कुछ समय के दौरान राज्य में बलात्कार की घटनाओं के अलावा पीड़िता की हत्या कर देने और छेड़छाड़ की शिकायत करने पर धमकी देने या फिर मार डालने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कुछ समय पहले हाथरस में ही एक दलित लड़की से बलात्कार की घटना ने तब तूल पकड़ लिया था, जब उसकी मौत के बाद जबरन शव को जला कर मामले को रफा-दफा करने के आरोप पुलिस पर लगे थे। कहने को महिलाओं की सुरक्षा के मकसद से राज्य में मिशन शक्ति से लेकर कई अन्य कार्यक्रम चलाने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि छेड़छाड़, बलात्कार और हत्या जैसे अपराधों के लिहाज से राज्य में हालात काबू से बाहर होते लग रहे हैं।

### पहुंचे लेकर डोर !



चर्चा छापेमारी की ।
जगह हर तमाम ।।
किया किसी ने नाम ।
और कोई बदनाम ।।
आय से जो ज्यादा ।
धन रहे बटोर ।।
लगी भनक ये जैसे ।
पहुंचे लेकर डोर ।।
स्वाभाविक चिल्लाना ।
मुझ पर क्यों नकेल ?
अनगिनत की है सूची ।
करते जो ये खेल ।।
एकतरफा वो बोल रहे ।
हो संग सबके न्याय ।।
जांच हो उन सबकी ।
प्रश्नचिन्ह जो आय ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# उत्तर भारतीयों पर राहुल के बयान को भूली नहीं है भाजपा, बस सही समय का हो रहा है इंतजार

**अजय कुमार**

राजनीति में टाइमिंग का बेहद महत्व होता है। कब कहां क्या बोलना है और कब किसी मुद्दे या विषय पर चुप्पी साध लेना बेहतर रहता है। इस बात का अहसास नेताओं को भली प्रकार से होता है, जो नेता यह बात जितने सलीके से समझ लेता है, वह सियासत की दुनिया में उतना सफल रहता है और आगे तक जाता है। मौजूदा दौर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में अव्वल हैं तो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं है कि कब कहां, क्या बोलना सही रहता है। यही वजह है कि सियासत की दुनिया में मोदी नये मुकाम हासिल कर रहे हैं, वहीं राहुल गांधी हाशिये पर पड़े हुए हैं। राहुल की बातों को सुनकर लगता ही नहीं है कि उन्हें सियासत की गहराई पता है जबकि उन्होंने जन्म से ही घर में सियासी माहौल देखा था। राहुल गांधी से पूर्व नेहरू-गांधी परिवार ने जनता की नब्ज को पहचानने में महारथ रखने के चलते ही वर्षों तक देश पर राज किया था।

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर नेहरू हों या फिर इंदिरा गांधी या पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, यह सभी यह बात जानते-समझते थे कि कैसे जनता से संवाद स्थापित किया जाता है। राजीव गांधी ही की तरह सोनिया गांधी को भी तमाम लोग एक सफल राजनेत्री मानते थे, लेकिन राहुल-प्रियंका इस मामले में कांग्रेस की सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहे हैं, लेकिन अब कांग्रेस के पास कोई विकल्प ही नहीं बचा है। राहुल गांधी की असफलता के बाद कांग्रेस प्रियंका वाड्रा को ह्यट्रम्प कार्डह्व के रूप में लेकर आगे आई थी, लेकिन अब प्रियंका की भी सियासी समझ पर सवाल उठने लगे हैं। सियासत का एक दस्तूर होता है, यहां हड़बड़ी से काम नहीं चलता है। बल्कि पहले मुद्दों को समझना होता है फिर सियासी दांवपेंच चले जाते हैं। यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगा कि जनता की नब्ज पहचानने की कूवत जमीन और जनता से जुड़े नेताओं में समय के साथ स्वतः ही विकसित होती रहती है। इसके लिए कोई पैमाना नहीं बना है। इसी खूबी के चलते ही तो बाबा साहब अंबेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया, सरदार पटेल, जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, देवीलाल, जगजीवन लाल, अटल बिहारी वाजपेयी, मुलायम सिंह यादव, लालू यादव, सुश्री मायावती, ममता बनर्जी, नीतिश कुमार, अरविंद केजरीवाल जैसे तमाम नेताओं को आम जनता ने फर्श से उठाकर अर्श पर बैठा दिया। यह सब नेता जनता की नब्ज और परेशानियों को अच्छी तरह से जानते-समझते थे। जनता के साथ रिश्ते बनाने की कला इनको खूब आती थी। उक्त तमाम नेता जन-आंदोलन से निकले थे। राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, चिराण पासवान की तरह उक्त



नेताओं को अपने पिता या परिवार से किसी तरह की कोई सियासी विरासत नहीं मिली थी। किसी तरह की सियासी विरासत का नहीं मिलना ही, उक्त नेताओं की राजनैतिक कामयाबी का मूलमंत्र था।

बहरहाल, सियासत में टाइमिंग का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा उत्तर भारतीयों पर दिए गए बयान पर कहीं कोई खास प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिल रही है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि राहुल का बयान ह्यनेपथ्यह्व में चला गया है। बीजेपी नेता यदि राहुल पर हमलावर नहीं हैं तो इसकी वजह है दक्षिण के राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव। बीजेपी उत्तर भारतीयों पर दिए राहुल गांधी के बयान पर हो-हल्ला करके दक्षिण भारत के कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा में होने वाले चुनाव में कांग्रेस को कोई सियासी फायदा नहीं पहुंचाना चाहती है, लेकिन अगले वर्ष जब उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव होंगे तब जरूर बीजेपी राहुल गांधी के बयान को बड़ा मुद्दा बनाएगी और निश्चित ही इसका प्रभाव भी देखने को मिलेगा। बीजेपी नेताओं को तो वैसे भी इसमें महारथ हासिल है।

खासकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के समय ही विपक्ष के खिलाफ मुखर होते हैं, तब वह विरोधियों के अतीत में दिए गए बयानों की खूब धज्जियां उड़ाते हैं। सोनिया गांधी के गुजरात में मोदी पर दिए गए बयान ह्यखून का सौदागरह्व को कौन भूल सकता है, जिसके बल पर मोदी ने गुजरात की सियासी बिसात पर कांग्रेस को खूब पटखनी दी थी। इसी प्रकार कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पूर्व जब मीडिया से रूबरू होते हुए यह कहा कि एक चाय वाला भारत का प्रधानमंत्री नहीं हो सकता है तो इसी एक बयान के सहारे मोदी ने लोकसभा चुनाव की बिसात ही पलट दी। मोदी ने मणिशंकर अय्यर के बयान को खूब हवा दी।

दरअसल, जनवरी 2014 में मणिशंकर अय्यर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, '21वीं सदी में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन पाएं, ऐसा मुमकिन नहीं है। मगर, वह कांग्रेस के सम्मेलन में आकर चाय बेचना चाहें, तो हम उनके लिए जगह बना सकते हैंह्व इस बयान पर ऐसा बवाल हुआ था कि कांग्रेस को जवाब देते नहीं बन रहा था। कांग्रेस की सहयोगी पार्टियां भी अय्यर के इस बयान के खिलाफ खड़ी हो गई थीं और कहा था कि मोदी को चाय वाला कहना गलत है। इसी प्रकार 2014 के लोकसभा चुनाव के समय ही एक जनसभा में भाषण देते हुए प्रियंका वाड्रा ने मोदी को नीच कह दिया था। प्रियंका गांधी ने मोदी की राजनीति को नीच बताया था। तब मामला नीच जाति तक पहुंच गया था। हुआ यूं कि अमेठी में नरेंद्र मोदी ने स्व. राजीव गांधी पर सीधा हमला बोला था, जिसके बाद उनकी बेटी प्रियंका गांधी ने कहा था कि मोदी की ह्यनीच राजनीतिह्व का जवाब अमेठी की जनता देगी। मोदी ने प्रियंका के इस बयान को नीच राजनीति से निचली जाति पर खींच लिया और बवंडर खड़ा कर दिया। मोदी ने तब प्रियंका की नीच राजनीति वाले बयान पर कहा था कि सामाजिक रूप से निचले वर्ग से आया हूं, इसलिए मेरी राजनीति उन लोगों के लिये ह्यनीच राजनीतिह्व ही होगी। हो सकता है कुछ लोगों को यह नजर नहीं आता हो, पर निचली जातियों के त्याग, बलिदान और पुरुषार्थ की देश को इस ऊंचाई पर पहुंचाने में अहम भूमिका है। प्रियंका के बयान पर कांग्रेस सफाई देते-देते परेशान हो गई, लेकिन इससे उसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ और इसका खामियाजा कांग्रेस को सबसे बड़ी हार के रूप में भुगतना पड़ा।

# क्रमानुसार व सारगर्भित उत्तर लिखकर हिन्दी में भी अर्जित कर सकते हैं शत प्रतिशत अंक



सभी छात्रों को हमेशा बोर्ड एग्जाम को लेकर चिंता बनी रहती है। खासकर हाईस्कूल हिन्दी विषय जिसमें पास होना अनिवार्य होता है यदि हिन्दी विषय में फेल तो अन्य विषयों में उत्तीर्ण होने पर भी सम्पूर्ण परीक्षाफल में फेल माना जाता है। इसलिए हाईस्कूल के छात्रों को हिन्दी विषय पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अन्य भाषाओं की तरह हिन्दी विषय भी अच्छे अंक दिलाने वाला है। यदि छात्र क्रमानुसार व सारगर्भित उत्तर लिखें तो शत प्रतिशत अंक इस विषय में भी अर्जित कर सकते हैं। परीक्षा की तैयारी में प्रश्न के अनुरूप समय प्रबन्धन का भी खास महत्त्व होता है।

पब्लिक इण्टर कॉलेज मोतिहा, प्रयागराज के शिक्षक राजीव रंजन पटेल के अनुसार बच्चों को विषयवार व शीर्षकबद्ध तरीके से समय सारिणी बना कर पढ़ना प्रारम्भ कर देना कर देना चाहिए। जो बच्चे अभी तक भी जागरूक नहीं हुए हैं उनके लिए भी हिदायत है कि 'जब जागो तभी सवेरा'। लेकिन सिर्फ परीक्षा के समय पढ़कर शत प्रतिशत अंक नही अर्जित किये जा सकते हैं इसके लिए साल भर प्लानिंग व अंतिम समय मे शार्ट नोट्स बनाकर शत प्रतिशत अंक बोर्ड परीक्षा में प्राप्त कर सकते हैं। खासकर हिन्दी विषय की बात करें तो इसको मातृभाषा होने के नाते बच्चे हल्के में लेते हैं। परंतु इस विषय को हल्के में न लेकर पूरी मेहनत व लगन से वर्तनी पर ध्यान देकर व वाक्यों को सही तरीके से लिखकर ,व्याकरण एवं निबंध लेखन पर अभ्यास करके शत प्रतिशत अंक अर्जित कर सकते हैं।

ध्यातव्य है कि छात्र यू पी बोर्ड परीक्षा 2021 हेतु कोविड-19 महामारी के कारण पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत की जो कटौती की गई है, उससे भी भली-भाँति अवगत हो जाएं। तदोपरांत उसी के अनुरूप तैयारी करें।

**प्रश्न पत्र का स्वरूप :-**

* हिन्दी गद्य का विकास से लघु उत्तरीय प्रश्न 5 अंक
* हिन्दी पद्य का विकास से लघु उत्तरीय प्रश्न 5 अंक
* गद्य पढ़कर उत्तर लिखना होगा 6 अंक
* पद्य की सन्दर्भ सहित व्याख्या 6 अंक
* संस्कृत से सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद 4 अंक
* 2021 में निर्धारित पाठ से लेखक व कवि का जीवन परिचय व एक-एक रचना 6 अंक
* संस्कृत भाग से श्लोक जो प्रश्न पत्र में न आया हो 2 अंक
* संस्कृत से निर्धारित प्रश्नोत्तर 2 अंक
* काव्य सौंदर्य के तत्व रस, छंद, अलंकार 6 अंक
* हिन्दी व्याकरण शब्द रचना के तत्व 11 अंक
* संस्कृत व्याकरण व अनुवाद 8 अंक
* निबंध लेखन 6 अंक
* खण्डकाव्य से एक प्रश्न का उत्तर 3 अंक
* आंतरिक मूल्यांकन 30 अंक विद्यालय से।

**परीक्षा के समय तैयारी :**

* हिन्दी गद्य व पद्य के पाठ का नाम और लेखक /कवि का नाम याद करें।
* रस, छंद, अलंकार का रिवीजन सोदाहरण लिखकर करें।
* श्लोक को लिखकर अभ्यास कर लें।
* समसामयिक निबंध जैसे कोरोना व लॉकडाउन पर लिखकर अभ्यास करें।
* खण्डकाव्य के प्रश्न का उत्तर कठस्थ रखें।

**बेहतर अंक कर टिप्स :**

* क्रमानुसार उत्तर दें।
* सारगर्भित लिखें।
* शीर्षक के लिए काले पेन व अंडर लाइन का प्रयोग करें।
* प्रश्न को समझने के तदोपरांत ही उत्तर दें।
* समयाभाव होने पर भी उत्तर में निष्कर्ष जरूर लिखें।

**दिए गए टिप्स :**

* परीक्षा का दबाव न लें बल्कि अपने विषय अध्यापक से संपर्क करें।
* बोर्ड के पूर्व प्रश्न-पत्रों को क्रमानुसार बाजार से लेकर बोर्ड की कॉपी पर समयान्तर्गत अभ्यास बारम्बार कर लें।
* सकारात्मक सोच रखें।
* काव्य सौंदर्य के तत्व व हिन्दी व्याकरण पर विशेष ध्यान दें।
* निबंध लेखन व खण्डकाव्य पर सुलेख, वर्तनी और शब्द सीमा का ध्यान रखें।
* शत प्रतिशत अंक अर्जित करेंगें।

**श्री राजीव रंजन पटेल (स. अ.)**
**(एम. ए., एम. एड.) पब्लिक इण्टर कॉलेज मोतिहा, प्रयागराज**

# धुंधली पड़तीं शांति की उम्मीदें

**संजीव पांडेय**

कतर की राजधानी दोहा में तालिबान के साथ चल रही शांति वार्ता की सफलता संदेह के घेरे में है। इस बात की उम्मीद कम ही है कि वार्ता किसी नए मुकाम पर पहुंचेगी और शांति का रास्ता बनेगा। इस साल फरवरी महीने में ही तालिबान के हमले में ढाई सौ से ज्यादा अफगान सैनिकों और सत्तर नागरिकों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अफगानिस्तान की जमीनी स्थिति का जायजा ले रहे है। निश्चित तौर पर ट्रंप प्रशासन की अफगान नीति में बदलाव लाने की संभावना है। ऐसा इसलिए भी है कि लंबे समय से अमेरिका अपने को अफगानिस्तान में फंसा हुआ पा रहा है। बाइडेन प्रशासन तालिबान और अमेरिकी प्रशासन के बीच हुए अफगानिस्तान शांति समझौते पर पुनर्विचार भी कर सकता है। तालिबान के साथ हुए शांति समझौते को लेकर बाइडेन को कोई खास उम्मीदें नजर नहीं आ रहीं। मुश्किल यह भी है कि शांतिवार्ता में शामिल दोनों पक्षों के बीच भारी अविश्वास बना हुआ है। बाइडेन प्रशासन ने संकेत दे दिए हैं कि इस साल मई के बाद भी अफगानिस्तान में अमेरिकी फौज की मौजूदगी रहेगी। ट्रंप प्रशासन और तालिबान के बीच हुए शांति समझौते के वक्त वादा किया गया था कि मई 2021 तक पूरी तरह से अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान छोड़ देंगे। हालांकि इस समय अफगानिस्तान में सिर्फ ढाई हजार अमेरिकी सैनिक ही मौजूद हैं, जो पिछले दो दशक में सबसे कम है। इसी बीच ऐसी खबरें भी आईं कि बाइडेन प्रशासन अफगानिस्तान शांति वार्ता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमेरिकी शांति दूत जलमॉय खलीलजाद की भूमिका से भी प्रसन्न नहीं है।

खलीलजाद ने अफगानिस्तान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता में खासी जल्दीबाजी दिखाई थी। तालिबान से शांति वार्ता के वक्त खलीलजाद ने कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया था, जिनमें मानवाधिकार और महिला अधिकार जैसे मुद्दे शामिल थे, जिन्हें पिछले कुछ सालों के दौरान अफगानिस्तान में बहाल किया गया है। खलीलजाद ने तालिबान से बातचीत के दौरान अशरफ गनी की चुनी हुई सरकार को भी नजरअंदाज किया। खलीलजाद और तालिबान के बीच हुई बातचीत को काबुल की अफगान सरकार में मौजूद उजबेक, ताजिक और हजारा जनजातियों के प्रतिनिधियों ने हमेशा शक के दृष्टि से देखा। इन सबसे संदेह गहराना स्वाभाविक था। दरअसल, शांति समझौते के बाद भी तालिबान के भीषण हमले जारी हैं। बेशक तालिबान ने वादे के मुताबिक अफगानिस्तान की धरती पर मौजूद विदेशी सैनिकों पर बड़ा हमला नहीं किया हो, लेकिन अफगान सेना पर तो बड़े हमले होते ही रहे। पुलिस और नागरिकों को भी निशाना बनाया जाता रहा है। इन हमलों के बीच ही अशरफ गनी सरकार पर ट्रंप प्रशासन ने तालिबान से बातचीत के लिए दबाव बनाए रखा था।

इधर तालिबान भी लगातार अपनी शर्तों को मानवाने के लिए दबाव डालता रहा और अमेरिका पर भी गंभीर आरोप लगाता रहा। तालिबान के अनुसार शांति समझौते के बाद भी उसके अड्डों पर ड्रोन हमले किए गए। पर अफगान जनता और सुरक्षा बलों पर तालिबान के हमलों में भी कमी नहीं आई। पिछले साल तीन हजार से ज्यादा अफगहान नागरिक तालिबान के हमलों मारे गए थे। अफगान शांति वार्ता की प्रक्रिया की सफलता पाकिस्तान और ईरान के रवैये पर भी निर्भर करती है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का घोर ईरान विरोधी रवैया अफगानिस्तान शांति वार्ता पर पहले ही सवालिया निशान खड़ा कर चुका है। ईरान अफगानिस्तान का पड़ोसी है। पिछले तीन दशकों में अफगानिस्तान में ईरान की सक्रियता बहुत ज्यादा रही है। लगभग यही स्थिति पाकिस्तान की है। ट्रंप प्रशासन अफगान शांति वार्ता में पाकिस्तान का सहयोग तो ले रहा था, लेकिन ईरान को पूरी तरह से नजरअंदाज कर रहा था। जबकि पिछले एक दशक में तालिबान के वरिष्ठ नेताओं के ईरान के साथ मधुर संबंध विकसित चुके हैं। इसका प्रमाण हाल में नजर भी आया। बीते दिनों तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल दोहा शांति वार्ता के बीच तेहरान गया था और ईरान सरकार से बातचीत की थी। तेहरान में ही तालिबानी प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया से बातचीत में कह दिया था कि अमेरिका और तालिबान के बीच हुए शांति समझौते के मुताबिक अफगानिस्तान की अशरफ गनी की सरकार को हटाया जाएगा और एक इस्लामिक सरकार का गठन होगा। तालिबान द्वारा तेहरान से इस तरह का संदेश देना ही यह बता रहा था कि ईरान अफगानिस्तान में आज भी महत्त्वपूर्ण है। हालांकि अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी की प्रतिक्रिया भी लगातार आती रही है। उन्होंने साफ शब्दों में तालिबान को जवाब दिया है कि अफगानिस्तान की अगली सरकार अफगान संविधान के हिसाब से ही गठित होगी। किसी भी अंतरिम या इस्लामिक सरकार के गठन की अफगानिस्तान में कोई संभावना नहीं है। बीते कुछ दिनों में अशरफ गनी ने दोहा शांति वार्ता से अलग रणनीति बनानी शुरू कर दी है।

# वाराणसी में जिलाधिकारी को हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा निवेदन!

## दिल्ली और केरल में हुई हत्याओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण तंत्र को सौंपी जाए तथा संपूर्ण देश के हिन्दुत्वनिष्ठ नेताओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाए !

### – संतप्त हिन्दुत्वनिष्ठों की माननीय गृहमंत्री जी से मांग

प्रखर वाराणसी। दिल्ली और केरल सहित संपूर्ण देश में कुछ वर्षों में हुई हिन्दुओं की हत्याओं के सूत्रधार, सम्मिलित अपराधी, इन हत्याओं में सहायता करनेवाले धर्मांधों पर तथा ये प्रकरण दबाने का प्रयत्न करनेवाले पुलिस और राजनीतिक नेताओं को खोजकर उनपर कठोर कार्यवाही हो, ऐसी मांग करनेवाला निवेदन हिन्दू जनजागृति समितिद्वारा माननीय गृहमंत्री जी हेतु वाराणसी के जिलाधिकारी को सौंपा गया । इस समय राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं न्याय परिषद, के वाराणसी महासचिव अधिवक्ता अरुण कुमार मौर्य, हिंदू जागरण मंच के जौनपुर जिला महामंत्री अधिवक्ता अनुराग पांडे, हिंदू जागरण मंच के वाराणसी महानगर मंत्री अधिवक्ता विकास तिवारी, अधिवक्ता मदन मोहन यादव, अधिवक्ता संजीवन यादव, अधिवक्ता मुकेश मिश्रा, अधिवक्ता रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अधिवक्ता संदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता श्याम जी वर्मा, हिंदू जनजागृति समिति के श्री. राजन केशरी तथा अन्य उपस्थित थे । गत कुछ वर्षों में संपूर्ण देश में विभिन्न हिन्दुत्वादी संगठनों के नेता और कार्यकताओं पर प्राणघातक आक्रमण करना, उन्हें जानबूझकर लक्ष्य बनाना तथा उन्हें चुनकर, उन पर नजर रखकर मार डालने की घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है । कुछ समय पूर्व ही दिल्ली और केरल में हिन्दुओं की हत्याएं हुई हैं । इन हत्याओं के अपराधी ज्ञात होते हुए भी विभिन्न अन्वेषण तंत्रों को स्पष्ट होते हुए भी संबंधित राज्य शासन द्वारा इन प्रकरणों में ठोस कार्यवाही होती हुई दिखाई नहीं पडती । स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि, संपूर्ण देश में हो रही हिन्दू नेताओं की ऐसी हत्या एक व्यापक सुनियोजित षड्यंत्र का भाग है ।



**इस संदर्भ में समिति की अन्य मांगें निम्नलिखित हैं :**

1. ऐसे प्रकरणों की पूछताछ करने में राज्य शासन असफल सिद्ध होने के कारण इन आक्रमणों की घटनाओं की गहन जांच ह्यकेंद्रीय अन्वेषण तंत्रह्व को दी जाए । इस जांच के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निश?चित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार इसके लिए केंद्रीय स्तर पर एक विशेष समिति का गठन किया जाए ।

2. संपूर्ण देश के हिन्दुत्वनिष्ठ नेताओं को तत्काल राज्य में और राज्य से बाहर सुरक्षा

# न्यायालय ने पक्षकारों को सुरक्षा में घर भेजने का दिया आदेश




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश प्रदीप सिंह की अदालत ने पक्षकारों की याचिका निरस्त कर सुरक्षित उनके घर पहुचाने की आदेश पारित किया। कोर्ट ने 2 मार्च 2021 को पति व पत्नी को साथ रहने का फैसला किया गया है। न्यायालय से घर जाने के लिए पुलिस की सहायता प्रदान कराई जाय। प्रार्थना पत्र में उल्लिखित किया गया कि विवाह विच्छेद का मुकदमा खारिज हो जाने के बाद उन्हें न्यायालय से बाहर जाने में डर बना हुआ है तथा परिवार के डर के कारण पुलिस के द्वारा न्यायालय से घर तक भेजा जाय। अदालत में अधिवक्ता अंकिता सिंह ने पैरवी की। पत्रावली याची संख्या 2 द्वारा प्रस्तुत प्रार्थनापत्र के साथ पेश हुई। वर्तमान याचिका अंतर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम 4 जनवरी 2021 को प्रस्तुत किया गया था, जिसमें 6 माह के पश्चात एक तिथि 5 जून 2021 तिथि वास्ते निस्तारण नियत है। प्रार्थनापत्र की सुनवाई के समय उभय पक्षकार उपस्थित आये, उनके द्वारा न्यायालय को अवगत कराया गया कि वह साथ में रहना चाहते हैं। उनके मध्य कोई विवाद नहीं रह गया है। ऐसी स्थिति में मुकदमें का निस्तारण कर दिया जाय। याचि संख्या एक शिवांगी राज व याची संख्या दो उमाशंकर के बयान दर्ज किये गये। दोनो ही पक्षकारों ने स्पष्ट रूप से यह अभिकथन किया कि लोगों के समझाने पर वह दोनों साथ में रहना चाहते हैं। पक्षकार साथ में रहना चाहते हैं और वर्तमान याचिका पर बल नहीं देना चाहते हैं। ऐसी अवस्था में याचिका का विचाधीन रहना औचित्यहीन है। तदनुसार याचिका निरस्त की जाती है और पक्षकारों को आदेशित किया जाता है कि वह एक साथ रहने के लिए स्वतंत्र हैं।

## लाठीचार्ज व मुकदमे के खिलाफ दिया ज्ञापन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने गत दिनों करखियाव गांव के किसानों के ऊपर हुए लाठीचार्ज व किसानों के जमीन व मुआवजा की मांग को लेकर डीएम को सम्बोधित पत्रक गुरुवार को एसीएम को सौंपा। इस बाबत करखियाव निवासी व संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहाकि हमारे गांव की जमीन जो कि हाईकोर्ट व सुप्रीमकोर्ट में विचाराधीन है। उसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा जबरदस्ती सीमांकन किया जा रहा है। जमीन के सीमांकन का विरोध करने पर उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग कि किसानों पर हुए लाठीचार्ज की जांच कराई जाए तथा किसानों पर लगे मुकदमे को वापस लिया जाए। विदित हो कि अमूल प्लांट के लिए अधिग्रहित जमीन करखियाव में स्थित है। गत दिनों यूपीएसआईडीसी द्वारा उक्त जमीन सीमांकन रहा था। जिसको लेकर किसानो ने विरोध किया था । जिसमे कुछ किसानो की गिरफ्तारी हुयी थी और कुछ किसानो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

# बच्चों का क्षय रोग की चपेट में आने की संभावना अधिक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बच्चों में टीबी(क्षय) के लक्षण पहचानना और समय से इलाज करवाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि बच्चों में वयस्कों की तुलना में रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कम होती है। बच्चों का अपनी उम्र के हिसाब से कम बढ़ना या वजन में कमी होना, टीबी के लक्षण हो सकते हैं। यदि बच्चों की भूख, वजन में कमी, दो सप्ताह से अधिक खाँसी, बुखार और रात के समय पसीना आने जैसी समस्या हो रही हों तो इन्हे अनदेखा न करें। यह टीबी के लक्षण हो सकते हैं। यह कहना है जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ प्रगति कुमार का। जिला क्षय रोग अधिकारी बताते हैं कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो फेफड़ों की टीबी से संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छींकने से फैलता है। वह बताते हैं कि कुपोषित बच्चे में टीबी के जल्दी होने का खतरा रहता है। स्वस्थ बच्चे जब टीबी से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो वह बीमार हो जाते हैं। यदि बच्चे को दो हफ्ते या उससे ज्यादा समय से लगातार खांसी आ रही हो तो जांच कराना आवश्यक है। वह बताते हैं कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों में बलगम नहीं बनता है। इस कारण बच्चों में टीबी का पता लगाना मुश्किल होता है। बच्चे के स्वास्थ्य इतिहास और कांटैक्ट ट्रेसिंग के अनुसार ही उसका पेट से सैंपल (गैस्ट्रिक लवाज) जांच के आधार पर ही टीबी का पता लगाया जाता है। उन्होने बताया कि इस प्रकार के लक्षण पहचानने के लिए बच्चों के अभिभावकों को जागरूक और सतर्क रहने की बेहद आवश्यकता है। इस संबंध में बाल रोग विशेषज्ञ व एसीएमओ डॉ. उमेश कुमार बताते हैं कि ज्यादातर लोगों को यह नहीं पता होता है कि टीबी कहीं पर भी हो सकती है। बच्चों में टीबी के 60 फीसदी मामले फेफड़ों से जुड़े होते हैं जबकि बाकी 40 फीसदी फेफड़ों के अतिरिक्त अन्य अंगों में होते हैं। इसके साथ ही ज्यादातर लोगों को इस बात की जानकारी नहीं है कि टीबी नाखून और बाल को छोड़कर कहीं भी हो सकती है। एसीएमओ डॉ. के.के. वर्मा ने बताया कि जो बच्चे कुपोषण, कैंसर, डायबिटीज, एच.आई.वी. या अन्य प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करने वाले रोगों से ग्रसित होते हैं।

# दो घरों में लगी आग, प्रशासन ने दी आर्थिक सहायता

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में गुरुवार की सायँ 4 बजे के लगभग संदिग्ध परिस्थितियों में लगे आग से दो कच्चे घर पूरी तरह जलकर राख हो गए।जिसमे एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि सबसे पहले घरबरन कश्यप 60 वर्ष के कच्चे व छप्परनुमा घर में आग लगी। आग देखते ही देखते फैल गई और आसपास के दो अन्य कच्चे घरों को चपेट में ले लिया।जिससे जहाँ घरबरन का पूरा घर गृहस्थी का सामान जल गया वही उसकी कीमती भैंस भी झुलस गई। भैस को बचाने के चक्कर में घरबरन बुरी तरह झुलस गया। वही उसके भाई इंद्रजीत का भी जलकर राख हो गया।

मौके पर पहुँचे प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ एच सी मौर्य ने बुजुर्ग का प्राथमिक उपचार के बाद कबीरचौरा के लिए रेफर कर दिया। विधायक डॉ अवधेश सिंह की सूचना पर एसडीएम पिंडरा जयप्रकाश राजस्वकर्मी के साथ पहुँचे और घटना की जानकारी लेने के बाद परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ खाद्यन्न की व्यवस्था कराई। मौके पर इंस्पेक्टर सिंधोरा रमेश यादव, पवन सिंह व संदीप राय भी पहुचकर तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराई।

## 30 बुजुर्गों को लगा टीका

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा स्थित पीएचसी पर गुरुवार को 100 बुजुर्ग के सापेक्ष 30 लोगों ने सायँ 5 बजे तक टीका लगवाया। पीएचसी प्रभारी डॉ एचसी मौर्य ने बताया कि सुबह साढ़े 10 बजे से लोगो का आना शुरू हुआ जो सायँ 5 बजे तक क्रम लगा रहा। वही पिंडरा के जगदीश सेठ व चंद्रशेखर सेठ ने बताया कि कोरोना का जो भय था वह आज खत्म हुआ। सभी को आगे आकर कोरोना का टीकाकरण कराना चाहिए।

## मिशन शक्तिः खेतासराय एसएचओ ने छात्राओ से किया संवाद



प्रखर खेतासराय जौनपुर। मिशन शक्ति योजना के तहत खेतासराय एसएचओ ने गुरुवार को कस्बे के वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं से संवाद किया, उन्हें आत्मरक्षार्थ के लिए बचाव के टिप्स दिए।बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में पुलिस को जरूर सूचित करें। महिला पुलिस कांस्टेबल द्वय शैव्या सिंह तथा राखी ने सभी छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुई। और सभी छात्राओं से अपने जैसा पद प्राप्त करने तथा किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने हेतु कुछ आवश्यक टिप्स देते हुए उन्हें घर से विद्यालय आने जाने में सड़कों पर हो रही असुभिधाओं के निवारण के लिए विशेष जानकारी भी दी। दोनो महिला पुलिस कांस्टेबल के व्यक्तिगत रूप से मिलने पर छात्राओं में विशेष हर्ष एवं खुशी की झलक देखने को मिली। इस पर प्रधानाचार्या ने थानाध्यक्ष से समय समय पर छात्राओं को मार्गदर्शन हेतु कुछ महिला कांस्टेबल को भेजकर बच्चियों से साक्षात्कार करने हेतु विशेष निवेदन की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता सफिया खान, मीरा पाण्डेय, किश्वरी सुल्ताना, सुधा रानी मिश्रा, पूनम विश्वकर्मा, सुरेन्द्र कुमार मिश्र, शबीना बानो तथा सुनील कुमार उपाध्याय सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहे।

## भागवत का मुख्य विषय है निष्काम भक्ति- आचार्य धरणीधर



प्रखर मेहदावल, सन्तकबीरनगर। विकास खंड सांथा के अंतर्गत अमरहा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा जहां भोग इच्छा है वहां भक्ति नहीं होती।भोग के लिए की गई भक्ति से भगवान प्रसन्न नहीं होते।भोग के लिए भक्ति करने वाले को संसार प्यारा है।भगवान के लिए ही भक्ति करो भक्ति का फल भगवान होना चाहिए। संसार सुख नहीं। भगवान का जो आश्रय लेता है वह निष्काम बनता है।परमात्मा से मिलने की आतुरता के कारण ही संत का मिलन होता है। जीव जब परमात्मा से मिलने के लिए आतुर होता है तो परमात्मा की कृपा से संत मिलते हैं। श्रवण के तीन प्रधान अंग हैं श्रद्धा, श्रोताओं को चाहिए कि वे मन को एकाग्र करके श्रद्धा से कथा सुने।जिज्ञासा श्रोता को जिज्ञासु होना चाहिए जिज्ञासा के अभाव में मन एकाग्र नहीं होगा।और कथा का कोई असर भी नहीं होगा ।बहुत कुछ जानने की जिज्ञ-ासा, होगी तो कथा श्रवण से विशेष लाभ होगा निर्मत्सरता, श्रोताओं के मन में जगत के किसी भी जीव के प्रति मत्सर नहीं होना चाहिए कथा में दीन और विनम्र होकर जाना चाहिए आपको छोड़कर भगवान से मिलने की तीव्रता की भावना से कथा श्रवण करोगे तो भगवान के दर्शन होंगे।

## किशोरी को बंधक बनाकर गैंगरेप

प्रखर एजेंसी। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एक किशोरी को बंधक बनाकर गैंगरेप की वारदात का मामला सामने आया है. दरअसल पीड़ित किशोरी के मुताबिक दो युवकों ने उसे बंधक बनाकर गैंगरेप किया है. इस मामले में हड़हवा फाटक चौकी इंचार्ज की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है. घटना का सज्ञान होने पर डीआईजी/एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया. साथ ही लापरवाह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। पीड़िता के बयान पर आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है. ऑर्केस्ट्रा में डांस करने वाली पीड़िता ने बताया कि वह मंगलवार की रात 11 बजे घर लौट रही थी. इस दौरान दो युवक उसे बंधक बनाकर एक कमरे में ले गए और उनमें से एक ने उसके साथ रेप किया. इस मामले में पीड़िता जब पुलिस थाने पहुंची तो कोई कार्रवाई नहीं की गई. जिसके बाद किसी ने पीड़िता का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा के कार्यकताओं ने कसी कमर



प्रखर संत कबीर नगर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निमित्त मंडप मैरिज हॉल खलीलाबाद में आज भाजपा डॉक्टर समीर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष बद्रीप्रसाद यादव ने किया तथ संचालन हेमंत चतुवेर्दी द्वारा किया गया । मुख्य तिथि डॉक्टर समीर सिंह ने बताया कि पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से कमर कस चुकी है तथा सभी सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवारों को उतारेगी। भाजपा के कार्यकर्ता पुरे जोश में है तथा विपक्षी दलों के अनर्गल प्रचार को भाजपा के कार्यकर्ता समाप्त करने का काम करेंगे। जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के क्रम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आगामी पंचायत चुनाव में विजयी होकर पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पंचायत चुनाव के बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, प्रभारी संयोजक वार्ड, प्रभारी संयोजक ब्लॉक प्रभारी, मोर्चा के प्रमुख एवं जनपद में निवास करने वाले व क्षेत्र और प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख जिला पदाधिकारी में महामंत्री हेमंत चतुवेर्दी, विनोद पांडे ,अनिरुद्ध निषाद , विवेकानंद वर्मा , जगदंबा लाल श्रीवास्तव ,अमरीश राय मंटु, प्रशांत मिश्रा ,अरुण सिंह, कपिल देव कनौजिया, जोखई सिंह, किरण प्रजापति ,संगीता वर्मा, उर्मिला त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री नीतू सिंह ,सुनीता अग्रहरी ,रजनी पांडे, अब्दुल हक, जिला पंचायत प्रतिनिधि अरुण कुमार ,विजय बहादुर सिंह ,विनोद चौधरी, बलराम कनौजिया ,अनिरुद्ध शुक्ला ,आलोक सिंह ,दीपू सिंह, सेतवान राय ,अशवनी गुप्ता , आनंद त्रिपाठी ,धनंजय पांडे ,दुर्गा पांडे ,उर्मिला त्रिपाठी ,डॉ मनोज पांडे, श्याम सुंदर वर्मा, गणेश ,भूपेंद्र त्रिपाठी, इंद्रजीत मिश्रा ,संजीव राय ,ओम प्रकाश यादव, बब्बन शर्मा ,अनिल त्रिपाठी ,विशाल श्रीवास्तव,मदन सिंह ,राजेश सिंह , मंडल अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, हरिशंकर निषाद, इंद्रसेन सिंह, मनीराम यादव, अजीत राय, राम सागर ,अनुराग त्रिपाठी, इंद्रासन राजभर, राजीव राय ,सतविंदर पाल ,रत्नेश मिश्र ,भरत भुवाल, पी एन सिंह ,दिलीप राय ,राजू गुप्ता, मीडिया प्रभारी ब्रह्मानंद पांडे एवं जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री पंत और डॉ. दवे हिन्दी गौरव अलंकरण से विभूषित

**संजय कुमार गिरि( रिपोर्टर )**

प्रखर इंदौर। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए प्रतिबद्ध 'मातृभाषा उन्नयन संस्थान' ने रविवार को स्थानीय साउथ एवेन्यू होटल में हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह आयोजित कर वर्ष 2021 के हिन्दी गौरव अलंकरण से मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार कैलाश चंद्र पंत व साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश शासन के निदेशक डॉ. विकास दवे को विभूषित किया। समारोह के मुख्य अतिथि नई दिल्ली से वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक जी एवं चैन्नई के वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक प्रो. बी. एल. आच्छा जी ने अध्यक्षता की। सर्वप्रथम, अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन कर समारोह की औपचारिक शुरूआत की, इसके बाद अतिथियों का स्वागत डॉ. नीना जोशी, शिखा जैन, नितेश गुप्ता, ऋतु गुप्ता एवं जलज व्यास ने किया। स्वागत उदबोधन संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने दिया।




स्वागत उपरांत मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा कैलाशचंद्र पंत जी एवं डॉ. विकास दवे जी को हिन्दी गौरव अलंकरण से विभूषित किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. वैदिक ने कहा, 'हिन्दी की गौरव गाथा जनमानस के बीच पहुँचनी चाहिए, और इसके लिए मातृभाषा उन्नयन संस्थान अच्छा कार्य कर रहा है।

समारोह के अध्यक्ष प्रो. बी. एल. आच्छा ने कहा, 'भाषाओं का आपसी समन्वय ही हिन्दी को बलवान बनाता है, नए शब्दों को हिन्दी में समाहित किया जाना चाहिए।' हिन्दी गौरव श्री पंत ने अपने वक्तव्य में भाषा के सौष्ठव की चर्चा करते हुए कहा कि 'शैक्षणिक क्षेत्रों में हिन्दी के महत्त्व को बढ़ाना अनिवार्य होगा, तभी प्रगति सम्भव है।'साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा कि 'हिन्दी का वैभव आन्दोलन से नहीं बल्कि विचारधारा और समन्वय से समृद्ध होगा। नई पीढ़ी को हिन्दी से जोड़ना होगा, तभी हिन्दी जनमानस तक पहुँचेगी।' हिन्दी गौरव अलंकरण समारोह में काव्य साधक मेरठ से कवयित्री शुभम त्यागी, झाबुआ से हिमांशु भावसार 'हिन्द', इंदौर से गौरव साक्षी एवं महेंद्र पँवार व भोपाल से कवयित्री अपूर्वा चतुर्वेदी को काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी के साथ, श्रीमती अर्चना प्रेम माथुर का कोरोना काल में सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। समारोह का संचालन कवि अंशुल व्यास ने किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार हरेराम वाजपेयी, राममूरत राही, स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के पूर्व महासचिव संजीव आचार्य, डॉ. कमल हेतावल, लव यादव, अजय जोशी आदि उपस्थित रहे।

## सेहुड़ा - मथुरापुर मार्ग निर्माण के लिए शासन से मिली वित्तीय स्वीकृति - अफजाल अहमद

प्रखर सेमरीयावा संतकबीरनगर। ब्लॉक के सेहुड़ा तिराहे पर बीएमसीटी मार्ग को जोड़ने वाले सेहुड़ा - मथुरापुर मार्ग के निर्माण के शासन से वित्तीय



स्वीकृति मिल गई है। निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में 5.55 लाख धन अवमुक्त हो चुका है। निर्माण प्रक्रिया 31 मार्च तक पुरी कर लेना है। राहगीरों को अब परेशानियों से निजात मिल सकेगी। सेहुड़ा प्रधान रहे अफजाल अहमद के बड़े भाई मुश्ताक अहमद ने लघु सिंचाई व जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव से प्रमूख अभियंता (परियोजना) उत्तर प्रदेश के पद पर पदोन्नति होने पर पिछले महीने में अपने पैतृक सेहुड़ा गांव आए। तो गांव वालों ने प्रमुख अभियंता मुश्ताक अहमद से सड़क की बदहाल स्थिति को बताया। सासंद, विधायक समेत विभाग से कई बार गुहार लगाने के बावजूद सड़क निर्माण नही हो सका। सड़क दस साल से ऐसे बदहाल है। प्रमूख अभियंता परियोजना मुश्ताक अहमद ने सड़क के निर्माण के लिए गांव वालों को भरोसा दिलाया। प्रमुख अभियंता की पहल पर सेहुड़ा बीएमसीटी मार्ग से बस्ती बार्डर तक लगभग 1.20 किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए 37.04 लाख वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है। अफजाल अहमद ने बताया कि सेहुड़ा तिराहे से मथुरापुर तक जाने वाली सड़क की दूरी लगभग पांच किलोमीटर है। यह रोड संतकबीरनगर और बस्ती जनपद का बॉर्डर है।

# संक्षिप्त खबरें

## क्षेत्रवासियों और साथी कर्मचारियों ने जमानिया कोतवाल राजीव सिंह को दी विदाई



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जमानिया कोतवाली में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों, कर्मियों, व्यापारियों सहित अन्य लोगों ने कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार सिंह को विदाई दी। उनका माल्यापर्ण करने के साथ ही स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहां कि श्री सिंह का कार्यकाल शानदार रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा। कोतवाली में आने वाले पीड़ितों से मित्रता का व्यवहार करते रहे। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए निष्पक्षपूर्ण कार्य किया। किसी के दबाव में कोई कार्य नहीं किया। उनके इस कार्यशैली से हर कोई प्रसन्न था। गौरतलब है कि जमानिया कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार सिंह का स्थानांतरण सैदपुर थाना कोतवाली प्रभारी के पद पर हो गया है। विदाई समारोह में सीओ हीतेन्द्र कृष्ण, उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार राय, उपनिरीक्षक मंजर अब्बास, एसएसआई मंशाराम गुप्ता, रेलवे स्टेशन चौकी प्रभारी अमित कुमार पाण्डेय, अभईपुर चौकी प्रभारी विनय सिंह, कास्टेबल रवि कुमार, सुजीत सिंह, सुशील कुमार, निर्मल गोविंद, आजाद, फुजैल खान, अजय कुमार, मुकेश पटेल, रत्नेश कुमार, विनोद सोनकर, प्रधान अखिलेश उपाध्याय, रविन्द्र राय, अनिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## निदेशक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने बैंक का किया औचक निरीक्षण



प्रखर केराकत जौनपुर।जिले के केराकत तहसील के उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड लखनऊ उत्तर प्रदेश की शाखा केराकत का औचक निरीक्षण बैंक की वाराणसी मंडल की निदेशक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने किया ।बैंक का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने केराकत तहसील में बांटे गए लोन वितरण रजिस्टर,लोन रिकवरी रजिस्टर,उपस्थिति रजिस्टर एवं बैंक के अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि किसानों के लिए कृषि लोन व कमर्शियल लोन दिया जाता है वाराणसी मंडल की निदेशक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे प्रदेश में इस समय 323 शाखाएं कार्य कर रही हैं पूर्व सरकारों में बैंक की स्थिति काफी अच्छी नहीं थी वर्तमान सरकार ने इस प्रकार की बैंको द्वारा किसानों को सुविधाजनक तरीके से लोन दिया जा सके को सुधारने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि बैंक की 80% रिकवरी रेट है सरकार की अच्छी नीतियों के कारण प्रदेश की सभी शाखाएं अच्छी तरह से किसानों को लोन देने का कार्य कर रही हैं बैंक की एनबीसीएफडीसी के तहत पुरुषों को 6 परसेन्ट पर व महिलाओं को 5 परसेन्ट ब्याज पर लोन दे रही है और भी उन्होंने कहा कि जब से मैं वाराणसी मंडल की निदेशक बनी हु इस प्रकार से कार्य करने वाली बैंकों की अच्छी स्थिति पूरे प्रदेश में वाराणसी मंडल दूसरे स्थान पर है।इस अवसर पर उन्होंने इंद्रावती देवी व अन्य किसानों को लोन का चेक भी प्रदान किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड लखनऊ उत्तर प्रदेश की वाराणसी मण्डल की निदेशक डॉ अंजना श्रीवास्तव, शाखा प्रवन्धक,उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के सदस्य राकेश तिवारी, सभासद केराकत अवधेश सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## कर्तव्यों का निर्वहन न करने के कारण चौकी प्रभारी हड़हवा और सिपाही निलंबित



प्रखर गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के हड़हवा फाटक अंतर्गत एक महिला का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के संबंध में डीआईजी/एसएसपी जोगिंदर कुमार ने वीडियो मैसेज जारी कर बताया कि घटना की जानकारी होने के तुरंत बाद हमारे व पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक अपराध व महिला इंस्पेक्टर द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मामले को जिला अधिकारी को जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को बुलाकर संरक्षण अधिकारी सुमन शुक्ला व महिला कल्याण अधिकारी पूजा पांडेय के समझ पीड़ित महिला का ब्यान दर्ज कराते हुए शाहपुर थाने पर धारा 342, 376डी और पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया पीड़ित महिला का मेडिकल परीक्षण कराते हुए 164 का बयान जल्द ही दर्ज कराया जाएगा तथा चौकी प्रभारी हड़हावा फाटक तथा सिपाही धर्मेंद्र को अपने कर्तव्यों का दायित्व पूर्वक निर्वहन न करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया एवं पीड़ित महिला को चौकी पर ले जाने वाले 3 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया क्योंकि यह तीनों व्यक्तियों ने महिला का चेहरा दिखाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया था जो कानूनन जुर्म है।

## भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं ने मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कचहरी स्थित जिला मुख्यालय पर गुरुवार दोपहर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकताओं ने दर्जनों की संख्या में जिला मुख्यालय के मुख्य द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को बताया की हमारे जमीन का जबरदस्ती सीमांकन किया जा रहा है और किसानों द्वारा जमीन सीमांकन का विरोध करने पर उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है हम जिलाधिकारी से मांग करते हैं कि किसानों पर हुए लाठीचार्ज की जांच कराई जाए तथा किसानों पर लगे मुकदमे को वापस लिया जाये ।

## भातखण्डे संगीत विश्वविद्यालय के दशम दीक्षान्त समारोह में सम्मानित हुआ जनपद का लाल

प्रखर तमकुहीराज, कुशीनगर। भातखंडे संगीत अभिमत विश्वविद्यालय लखनऊ के दशम दीक्षांत समारोह में महामहिम माननीय राज्यपाल महोदया आनंदी बेन पटेल जी द्वारा कांस्य पदक



व तबला विषय में मास्टर ऑफ परफार्मिंग आर्ट की डिग्री प्राप्त करते हुए तमकुहीराज के लाल ने कुशीनगर जनपद के मान बढ़ाया है। गौरतलब हो कि तमकुहीराज विकास खण्ड के गांव पाण्डेय मुन्नी पट्टी निवासी ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव व माता निशा श्रीवास्तव के बड़े पुत्र आयुष लाल श्रीवास्तव 12 साल की उम्र से ही तबला वादन के क्षेत्र में सक्रीय हैं। तबला की प्रारम्भिक शिक्षा संगीत शिक्षक प्रेम प्रकाश यति द्वारा प्राप्त कर सन 2014 में लखनऊ स्थित भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय में तबला की विधिवत शिक्षा डॉ. अनुराग सिंह, तबला विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्रा जी के सानिध्य में तबला विषय मे एम.पी.ए किये। वर्तमान समय में अंतरास्ट्रीय और चतुमुर्खी तबला विद्वान पं. रविनाथ मिश्र (वनारस घराना ) के सानिध्य में तबला वादक कि बारीकियों को सिख रहे हैं। जब ये खबर तमकुहीराज क्षेत्र में पहुची तो दर्जनों शुभचिंतक जनों में लोकगायक गायक अजय गिरी, उद्घोषक राधेश्याम त्यागी, रा. लोक मंच के प्रदेश अध्यक्ष सन्दीप मिश्र, आकाशवाणी दूरदर्शन के गायक सुनील मिश्र, कैमरा मैन आरिफ हुसैन, अधिवक्ता हाशिम खान, गोलू गुंजन, मनोज माही, भोजपुरी व्यास रंजन राय, दिव्य पॉवन धारा चैनल के निदेशक इंजीनियर पवन कुशवाहा, श्याम क्लिनिक के प्रबंधक मनोज राय, नगर हियुवा संयोजक जयप्रकाश गुप्ता, राजन द्विवेदी, जोगिंदर गिरी, आकाश गोस्वामी, जीतन बाबा, शेरू मलिक लोक गायिका प्रीति कुशवाहा मैतुल मयखाना मेराज माही, नौशाद प्रीतम के साथ साथ दर्जनों लोगों ने इस उपलब्धि के हासिल करने पर शुभकामनाएं व्यक्त की है।

# अवैध शराब बनाने व बेचने वाले 5 व्यक्तियों को किया गया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के कुशल नेतृत्व मे 3 मार्च 2021 को आवकारी निरीक्षक विनोद कुमार, थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय थाना नन्दगंज अपने मय हमराहीगण के साथ क्षेत्र मे पठानपुर पर मौजुद थे। आपस में अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के सम्बन्ध मे बातचीत कर रहे थे कि इसी दौरान जरीये मुखविर खास के सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा ग्राम हरखूपुर चट्टी के सामने सडक किनारे अवैध शराब बेचने का काम होता है। मुखबिर खास की सूचना पर थानाध्यक्ष नन्दगंज मय आबकारी निरीक्षक मय हमराहीगण को अवगत कराकर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबीश दी गयी तो एक व्यक्ति के पास से रू0 120 व पिपिया में अवैध शराब बरामद हुआ। मौके पर उक्त



व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा पुनः मुखबिर को तलब किया गया तो मुखविर खास बताया कि चौखडिया ढेलवा सड़क के किनारे कुछ लोग अवैध शराब बेच रहे हैं। मुखबिर कि इस सूचना पर विश्वास करके थानाध्यक्ष एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम के साथ मुखबिर के बताएं स्थान पर दबीश दी गयी तो 4 व्यक्तियो के पास से कुछ धन व अवैध शराब बरामद हुआ और मौके पर 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्तगण का नाम व पता भीम बिन्द पुत्र रामपति बिन्द निवासी ग्राम हरखूपुर थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, मीती बिन्द पुत्रनगदू बिन्द निवासी ग्राम चौखडिया ढेलवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, फौजदार बिन्द पुत्र स्व0 सुदर्शन बिन्द निवासी ग्राम ढेलवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, सुभाष कुमार बिन्द पुत्र रामअवतार बिन्द निवासी ग्राम ढेलवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर, शेषनाथ बिन्द पुत्र सिधारी बिन्द निवासी ग्राम ढेलवा थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर बताया गया। अभियुक्तगण के पास से 5 अदद प्लास्टिक की पीपिया मे क्रमशः 14 लीटर, 08 लीटर, 10 लीटर, 11 लीटर एवं 09 लीटर कुल 52 लीटर अवैध शराब और अवैध शराब बिक्री के क्रमशः रू0 140//-, रू0 120/-, रू0 110/-, रू0 80/- एवं रू0 110/- कुल रू0 560/- बरामद हुआ। पुलिस द्वारा बताया गया कि अभियुक्तगण द्वारा जहाँ अवैध शराब बिक्री की जा रही थी वँहा खेतो के आस-पास कुल 1500 लीटर लहन बरामद हुआ था जिसे मौके पर ही हमराहीगण की मदद से नष्ट कराया गया।

## सी0एस0सी0 केन्द्रों के माध्यम से विद्युत बिल में एकमुश्त समाधान योजना शुरू

प्रखर खुटहन जौनपुर। प्रदेश सरकार द्वारा विद्युत बिल जमा करने हेतु एकमुश्त समाधान योजना का शुभारम्भ किया गया है। जिसके द्वारा एलएमवी-1 घरेलू एवं एलएमवी निजी नलकूप श्रेणी के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के विलम्बित भुगतान अधिभार की 100 प्रतिशत छूट हेतु ह्यह्यएकमुश्त समाधान योजनाह्यह्य कॉमन सर्विस सेन्टरों ( सी एस सी केन्द्रों) के माध्यम से शुरू की गयी है। जो कि जनपद में स्थिति सभी सी एस सी केंद्रों पर उपलब्ध है। एकमुश्त समधान योजना में ग्रामीण के सभी घरेलू और निजी नलकूप के बकायेदारों को उनके दिनांक 31.01.2021 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रुप में लगायी गयी धनराशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह योजना मे पंजीकरण दिनांकः 01 मार्च 2021 से 15 मार्च 2021 तक लागू रहेगा। सभी विद्युत बकायेदार इस अवधि में अपने नजदीकी किसी भी कॉमन सर्विस केंद्र पर जाकर पंजीकरण कराकर छूट का लाभ लेते हुये अपना बकाया विद्युत बिल जमा कर सकते हैं। उक्त योजना का लाभ पाने हेतु उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं का योजना के अंतर्गत सबसे पहले ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य होगा। योजना में उपभोक्ता के ऑनलाइन पंजीकरण के समय खाता संख्या फीड करते ही उपभोक्ता का समस्त विवरण यथा पंजीकरण हेतु देय धनराषि, मूल बिल धनराशि, सरचार्ज मे छूट, भुगतान की स्थिति इत्यादि परिलक्षित होंगी। पजीकरण के समय उपभोक्ता का फोन नम्बर एवं बिल संशोधन का विकल्प अवष्य लिया जाएगा। पंजीकरण के समय उपभोक्ताओ को उनके माह जनवरी 2021 तक के विद्युत बिल में प्रदर्षित मूल धनराषि का 30 प्रतिषत एवं दिनांक 31 जनवरी 2021 के उपरान्त के वर्तमान देयों को एकसाथ जमा करना होगा, जिसके बाद ही उपभोक्ता का पंजीकरण पूर्ण होगा। पंजीकरण के बाद यदि उपभोक्ता बिल संषोधन का विकल्प चुनता है तो सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड के अधिषासी अभियन्ता का यह दायित्व होगा कि वह 07 दिन के अन्दर उपभोक्ता का बिल ऑनलाइन संषोधन करे, जिसकी सूचना उपभोक्ता को तत्काल एसएमएस के माध्यम से संषोधित बिल की सूचना प्रेशित हो जाएगी।

### ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के जमदहां बाजार के निकट टैक्टर से कुचल कर एक पच्चीस वर्षीय युवक की बुधवार की देर रात मौत हो गयी मामले की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। नगर के पोस्टऑफिस वार्ड निवासी हिमांशू पुत्र राजेन्द्र प्रसाद(25)अपनी बाइक में तेल भराने अब्बोपुर स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भराने गया था जहां से वापस लौट रहा था कि मानी मोड़ पर ऑटो रिक्सा से धक्का लग जाने से गिर गया ऐसे में सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया राहगीरों की मदद से उसे नगर के निजी अस्पताल में ले जाया गया जहाँ स्थिति नाजुक देख चिकित्सको ने जौनपुर रिफर कर दिया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## बकाया वसूली में उत्कृष्ट कार्य करने पर नरसिंह पालीवाल को सम्मानित करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ

प्रखर खेतासराय जौनपुर। शाहगंज इलाके के पशु चिकित्सक डॉ आलोक पालीवाल के पिता शाखा प्रबन्धक, सहकारी ग्राम विकास बैंक नरसिंह पालीवाल को 95 प्रतिशत वसूली पर गोमती नगर लखनऊ में निकाय की बैठक में मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे।सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी व्याप्त हो गयी है,वही बैंक के कर्मचारियों द्वारा किसानों से बकाया वसूल करने पर रोना रोने वाले कर्मचारियों को आईना भी दिखाया है। सूबे के सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी मार्च तक बकाया वसूल करने के लिए मण्डल स्तर पर लगातार समीक्षा कर रहे है,मार्च तक बैंक के कर्ज को हर हाल में जमा कराने का निर्देश है।

श्री पालीवाल शाहगंज स्तिथ सेन्टथॉमस रोड के निवासी है,पड़ोसी जनपद आजमगढ़ के बुढ़नपुर में बतौर शाखा प्रबन्धक तैनात हैं।एक जुलाई 2020 से 31 जनवरी 2021 तक 36% क्रमिक लक्ष्य था,जिस में उन्होंने34% प्रतिशत वसूली की।कुल 95 प्रतिशत वसूली पर सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. ने 6 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सहकारिता मंत्री मुकुट बिहारी की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगी।कई मण्डल के 6 शाखा प्रबंधको को सम्मानित करने का फैसला सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड ने उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का फैसला किया है।उक्त आशय की जानकारी महाप्रबंधक वसूली अरुणाक्षी मिश्रा ने क्षेत्रीय प्रबन्धको को चिट्ठी लिखकर कर जानकारी दी।

## महिला सशक्तीकरण के अन्तर्गत मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन

प्रखर जौनपुर। कुटीर पी जी कॉलेज चक्के में शासन के निदेर्शानुसार विगत एक सप्ताह से संचालित महिला सशक्तीकरण



कार्यक्रम में गुरुवार को मार्शल आर्ट प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के मैदान परिसर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ राघवेन्द्र पांडेय एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ पूनम सिंह के निर्देशन में शुरू हुआ । मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक संदीप ने महाविद्यालय के छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी तकनीकों के बारे विस्तार से सिखाया । संदीप जी ने छात्राओं को अभ्यास कराते हुए उन्हें मार्शल आर्ट द्वारा प्रतिकूल परिस्थितियों में आत्मरक्षा का गुण सिखाया । आयोजन में उपस्थित अतिथियों के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमेश मणि त्रिपाठी जी,वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमेश चन्द्र दूबे और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्राध्यापक एवं पत्रकार पंकज कुमार मिश्रा जी रहे । अपने संबोधन में प्राचार्य जी ने कालेज की छात्राओं को प्रशिक्षण के जरिए शारीरिक एवं मानसिक सशक्त बनाए जाने सम्बन्धी किए जा रहे पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की । आवश्यक सुझाव देते हुए बताया कि उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के महिला सशक्तीकरण प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ राघवेन्द्र पांडेय जी ने कहा कि हमारे समाज की आवश्यकता है कि छात्राएं आत्मनिर्भर एवं सशक्त बने। जागरूक छात्राएं निरन्तर सशक्त हो रही बस जरूरत है कि ये अपनी क्षमता को पहचाने।

### बृजमनगंज थानाध्यक्ष पर कार्यवाही को लेकर जनप्रतिनिधि ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज कस्बे में बीते 2 दिनों पूर्व समाजसेवी विनोद जायसवाल के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा अमानवीय व्यवहार करते हुए थाने ले जाकर लाठी-डंडों से मार पीट जेल भेजने का कार्य किया। उक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी विनोद जायसवाल ने बताया कि आज बृहस्पतिवार को महाराजगंज पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता को ज्ञापन देते हुए अपनी पीड़ा सुनाई और मेडिकल रिपोर्ट सौंपा तथा प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की।उन्होंने बताया कि फरेंदा विधानसभा के पूर्व क्षेत्रीय विधायक विनोद तिवारी के साथ जिलाधिकारी उज्जवल कुमार एवं एडिशनल एसपी निवेश कटिहार से भी मिल थानाध्यक्ष के कृत्य को उजागर करते हुए पीडा. बताया।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के उप सचिव राजेश सिंह पप्पू का मरदह में जोरदार स्वागत

प्रखर गाजीपुर। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी नवनिर्वाचित प्रदेश उपसचिव राजेश सिहं पप्पू के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।कासिमाबाद के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और जहूराबाद की सियासत में एक अलग ही पहचान बनाने वाले जयप्रकाश सिंह के सुपुत्र राजेश सिंह ने कमल छोड़कर अब फुटबाल खेलने का मन बना लिया है, लोगो के बीच पप्पू के नाम से पुकारे जाने वाले राजेश सिंह ने अब राजा भैया की पार्टी जनसत्ता का दामन थाम लिया है और लगे हाथ राजा भैया ने राजेश सिंह को प्रदेश संगठन में उपसचिव बना दिया है, राजेश सिंह के जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी में शामिल होते और इतने बड़े पद से नवाजे जाने के बाद यह तय हो गया है कि राजा भैया की एंट्री अब प्रदेश के और भी विधानसभा में होने जा रही है,राजेश सिंह के पिता जयप्रकाश सिंह लंबे समय तक कासिमाबाद की राजनीति के मुख्य सूत्रधार रहे,वो कासिमाबाद के कई बार ब्लॉक प्रमुख रहे,उनके अस्वस्थ



होने के बाद राजेश सिंह ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत संभाली,अब उनके जनसत्ता में शामिल होने के बाद संगठन को और धार देने की जिम्मेदारी होगी, युवाओं में राजा भैया की पार्टी से जुड़ने के लिए काफी उत्सुकता भी है और राजेश सिंह के आ जाने से पूर्वांचल के क्षेत्रों में हलचल भी मचा है जनसत्ता का अगले विधानसभा चुनाव में राजेश सिंह की निगाहें जहूराबाद विधानसभा पर टिकी होगी तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।बुधवार को मरदह बस स्टैंड पर प्रथम आगमन पर सबसे पहले डां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर प्रदेश उप सचिव ने माल्यार्पण किया तत्पश्चात पार्टी के कार्यकताओं व समर्थकों ने हिन्दू युवा वाहिनी भारत के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।अपने स्वागत से अभिभूत राजेश सिहं पप्पू ने कहाँ कि आने वाले आगामी समय में पूरी पार्टी दमदारी के साथ राजनीति में अपना योगदान दिखाएगी,किसी भी पार्टी के विकास के लिए कार्यकर्ता ही उसके रीढ़ की हड्डी होते हमेशा इनके मान सम्मान स्वाभिमान की रक्षा के लिए मैं तत्पर रहूंगा।इस मौके पर लालजी सिंह,आकाश सिंह, रितेश सिंह,आयुष्मान सिंह,शशांक सिंह,मोनू यादव, अजीत चौधरी,अखिलेश यादव,मिथिलेश यादव,अमित राव, हिमांशु सिंह,आदि लोग मौजूद रहे।

## जगतपुर पीजी कॉलेज के छात्राओं ने किया सरस हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। रोहनिया-जगतपुर पीजी कालेज में महाविद्यालय के गोल्डन जुबली के अवसर पर गृह विज्ञान के विभागाध्यक्षा डॉ मोनिका सक्सेना की देखरेख में गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा सरस हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया ! प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ निलय कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करने के उपरांत फीता काटकर किया ! प्रदर्शनी में गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं द्वारा तरह-तरह के विभिन्न प्रकार के सुंदर उपयोगी वस्तुएं, जरदोजी कढ़ाई से बनी शाल, माचिस की तीलियों से विभिन्न प्रकार के खिलौने व मकान,आइसक्रीम की लकड़ी से सुंदर पेपर स्टैंड तथा विभिन्न प्रकार के आकर्षक वस्तुएं बना कर प्रदर्शनी में पेश किया!मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ निलय कुमार सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं के अंदर छिपी कलाओं एवं प्रतिभाओं का काफी



सराहना करते हुए कहा कि अगर लड़कियों को उचित अवसर दिया जाए तो वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।गृह विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ मोनिका सक्सेना ने कहा कि छात्राओं ने इतने कम समय में उपयोगी एवं कलात्मक वस्तुओं को बना कर यह साबित कर दिया कि भविष्य में जब चाहे इसे उत्पाद के रूप में बना कर घर बैठे आय अर्जित कर सकती हैं ! इसी क्रम में छात्राओं द्वारा एक मेहंदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया ! जिसमें छात्राओं द्वारा हाथों में विभिन्न प्रकार के मनमोहक व कलात्मक मेहंदी रची गयी !जिसमें राजनीतिक विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ अदिति मिश्रा तथा समाजशास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ ज्योति मिश्रा ने जज के रूप में प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रिया कुमारी को प्रथम, निकिता दुबे को द्वितीय,मधु गौड़ को तृतीय,गुलपिनाज को चतुर्थ,एवं रिया विश्वकर्मा को पंचम स्थान घोषित कर सबको पुरस्कृत किया।

### विवेक ज्योति ट्रॉफी अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेला गया आज दूसरा सेमीफाइनल

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे ग्राउंड लहरतारा में चल रहे विवेक ज्योति ट्रॉफी अंडर-17 स्व0 शरद कुमार शर्मा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच आज एपीआरसी गाजीपुर बनाम अजय अकादमी के बीच खेला गया जिसमे अजय अकादमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया और 25 ओवर में सभी विकेट खोकर 100 रन बनाया।अजय अकादमी की तरफ से शशि ने 27 रनों का योगदान दिया।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एपीआरसी गाजीपुर की टीम ने 19 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया।एपीआरसी गाजीपुर के शशांक ने 44 तथा दीपक ने 43 रनों का योगदान दिया।अजय अकादमी की ओर से अजय पांडेय ने 1 विकेट लिया।गाजीपुर के शशांक को उनके हरफनमौला प्रदर्शन 44 रन तथा 1 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच का अवार्ड आयोजक सचिव सरोज के द्वारा दिया गया।

## फर्जी मुकदमे लगाने को लेकर समाजवादी पार्टी ने एसएसपी को दिया ज्ञापन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं पर लगातार फर्जी मुकदमे लगाकर पुलिसीया उत्पीड़न के खिलाफ गुरुवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व नेताओं के साथ जिला अध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ एंव महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठके से मिलकर ज्ञापन दिया व समस्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग की`विगत दिनों छात्र नेता राहूल सोनकर के उपर भी फर्जी मुकदमा लिखा गया था जो अभी तक नही हटाए जाने से सपा कार्यकताओं मे रोष है। पुनः सिगरा थाना प्रभारी ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राकेश सिंह चुनमुन के पुत्र इंजीनियर विवेक सिंह पर फर्जी हरिजन एक्ट का मुकदमा लगाकर उत्पीड़न का कार्य कर रही हैं। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुजीत यादव ने बताया कि विपक्ष के इशारे पर लगातार सपा कार्यकताओं का वाराणसी पुलिस फर्जी तरीके से मुकदमा लगाकर उत्पीड़न कर रही हैं । सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक से कहा कि पुलिस सपा कार्यकर्ताओं के साथ राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित होकर कार्य कर रही इस पर अंकुश लगाया जाए। समस्त प्रकरण से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी अवगत कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित पाठक ने सपा नेताओं की शिकायत को सुनने के पश्चात समस्त प्रकरण संज्ञान में लेते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। वरिस्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष सुजित यादव ( लक्कड़), महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा , महानगर महासचिव जितेन्द्र यादव,वरिष्ठ नेता आत्मा राम यादव,वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम शंकर पांडेय, डॉ० उमाशंकर यादव,जिला महासचिव आनंद मौर्या, पूर्व मंत्री मनोज राय धुपचंडी,राधाकृष्ण संजय यादव,डॉ० ओपी सिंह, नथुनी यादव,राकेश सिंह चुनमुन,ओपी पटेल,नन्हे जायसवाल,विवेक सिंह, तनुज पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया अधिवेशन का पोस्टर विमोचन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी महानगर की ओर से बुधवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्यद्वार पर आगामी काशी प्रांत के 60वें प्रांत अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के पश्चात पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से सोनभद्र में शुक्रवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय प्रांत अधिवेशन में जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रमुख रुप से गौरव मालवीय सौरभ सोनकर विपुल सेठ हर्षिता गुप्ता संजय मनोज शरद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महीनों से टूटी पुलिया दे रहा है हादसों को आमंत्रण



प्रखर केराकत जौनपुर । केराकत क्षेत्र के गाजीपुर जौनपुर मार्ग पर केराकत औरी ग्राम सभा के समीप टाई बीर बाबा पुलिया महीनों से टूटा हुआ है जो कि बड़े हादसे को कभी भी आमंत्रण दे सकता है। पीडब्ल्यूडी की तंत्र निद्रा लगता है तभी टूटेगी जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा। क्षेत्रवासियों को शाम के समय अंधेरे में गिरते पड़ते देखा जाता है।महीनों पहले टूटे पुलिया का निर्माण आज तक ना हो पाना पीडब्ल्यूडी के कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े करता है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा सर्कुलर जारी किया गया है कि सड़कें गड्ढा मुक्त एवं सुगम यात्रा के लिए जर्जर पुलिया का निर्माण यथाशीघ्र कर दिया जाए।बावजूद इससे जुड़े विभागीय अधिकारियों के कान पर जूं अभी तक नहीं रेंगी है।अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी निद्रा कब खोलतें है। जब कि हफ़्तों पहले मीडिया की सुर्खियां बनी रही जबकि रोज लगभग पचास हजार से भी ज्यादा लोग आजमगढ़ ,वाराणसी व गाजीपुर की यात्रा अपनी जान को जोखिम में डालकर करते है !

### सरसो का बोझ जल कर हुआ खाक



प्रखर चंदवक जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र अंतर्गत बकटही (चिटकों) गॉव में रखें सरसो के बोझ में अचानक आग लग जाने से लगभग सौ बोझ जलकर खाक हो गयी !बताते चले कि महेंद्र सिंह अपने खेत मे पके सरसो को काट कर घर के सामने ही सरसों का गाज बना कर रखे थे !अचानक दोपहर करीब तीन बजे आग लग गई जिसमें सैकड़ों सरसों का बोझ जलकर राख हो गया गांव के लोगों ने हैंडपंप से पानी निकाल कर बाल्टी से आग बुझाने की कोशिश की मगर आग इतना भयानक था कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया! परिवार में गम का माहौल हैउपस्थित लोगों में बबलु पाल ,दिनेश , रविन्द्र ,गोलु,दाऊ ,सुरेन्द्र ,बेचु ,सुनील, पिंटू, अमन, छोटु, आदि लोग मौजूद रहे।

### आगामी चुनाव के मद्देनजर जेल से मिली वेल का दुरुपयोग करने पर एसपी ने भेजा नोटिस

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज थाना सुनील हत्याकांड आरोपित पिता दीपचंद भाई अनिल गुप्ता की जमानत निरस्त करने के लिए एसपी प्रदीप गुप्ता द्वारा संबंधित न्यायालय को संस्तुति भेजी है मिली जानकारी के अनुसार अक्टूबर 2019 में बृजमनगंज कस्बा निवासी सुनील गुप्ता का शव शिवालय पोखरे से बरामद हुआ था पुलिस जांच में साक्ष्य के आधार पर पिता व छोटे पुत्र को जेल भेज दिया करीब 10 माह के बाद काफी मशक्कत से उसकी जमानत हुई।जेल से छूटने के बाद उसका परिवार चुप नहीं बैठा और आला अधिकारियों के पास दौड़ते रहे बीते दिनों 1 मार्च 2021 को रेलवे स्टेशन मार्ग पर पुत्री अनीता गुप्ता ,दीपचंद भाई अनिल व पूरे परिवार के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए धारा 144 के उल्लंघन करने पर उसे दोषी पाया गया पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जमानत पर रिहा होने के बाद इस प्रकार का धरना प्रदर्शन करने से चुनावी माहौल में शांति भंग की आशंका को देखते हुए संबंधित न्यायालय को इनकी जमानत निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी गई।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं